# कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, अम्बिकापुर, जिला – सरगुजा (छ0ग0)

क्र0 / 6739/एन.एच.एम. / 2023 अम्बिकापुर, दिनांक 04 / 09 / 2023

## विज्ञापन का प्रारूप

## Walk in Interview For Peer Supporter

राष्ट्रीय वायरल हेपेटाईटिस नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत सरगुजा जिले में कार्यक्रम के सुचारू रूप से सफल क्रियान्वयन हेतु जिला अस्पताल एवं शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय हेतु 1–1 पियर सपोर्टर (Peer Supporter) की भर्ती किये जाने हेतु अनुमोदन प्राप्त हुआ है जिसकी भर्ती जिले स्तर पर किया जाना है। पियर सपोर्टर एक सहयोगी के रूप में प्रोत्साहन राशि से अपनी सेवायें प्रदान करेंगे।जिसके लिए Walk In Interview हेतु नीचे लिखे तालिका कमांक 1 अनुसार दिनांक 12.09.2023 .समय सुबह 10.30 से दोपहर 11.30 के मध्य कार्यालय मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ्य अधिकारी जिला सरगुजा में रजिस्ट्रेशन हेतु प्रपत्रानुसार अपना नाम, आयु, पत्र व्यवहार का पता, शैक्षणिक योग्यता, अनुभव प्रमाण पत्र की छायाप्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न करें एवं दो पासपोर्ट आकार के फोटो सहित उपस्थित होवें। योग्यता अनुभव तथा अन्य प्रमाण पत्रों की मूल प्रतियॉ साथ लाना अनिवार्य है। यदि आवेदक वर्तमान मे कही कार्यरत है तो नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण पत्र अवश्य प्रस्तुत करें।

**नोटः आवेदन पत्र का प्रारूप वाक् इन इन्टरव्यु के दिन पंजीयन स्थान पर दिया जावेगा।**

**शैक्षणिक योग्यता :–**

| क्र. | पदनाम | शैक्षणिक योग्यता | पद संख्या | मानदेय प्रति माह |
|---|---|---|---|---|
| 01 | पीयर सपोर्टर<br>(जिला चिकित्सालय अम्बिकापुर) | पीयर सपोर्टर को कम से कम इंटरमीडिएट (12वीं (विज्ञान से) स्तर की शिक्षा के साथ बीमारी (हेपेटाइटिस बी या हेपेटाइटिस सी) से ग्रस्त या ठीक हो चुका व्यक्ति होना चाहिए। उसे स्थानीय भाषा का अच्छा ज्ञान और अंग्रेजी का कामकाजी ज्ञान भी होना चाहिए।<br>अथवा<br>न्यूनतम इंटरमीडिएट (12वीं (विज्ञान से) स्तर की शिक्षा के साथ बीमारी (हेपेटाइटिस बी या हेपेटाइटिस सी) से पीड़ित या ठीक हो चुके व्यक्ति के परिवार का सदस्य/जानने वाला व्यक्ति. | 01 पद | Rs. 10000.00 प्रति माह |
| 02 | पीयर सपोर्टर<br>(शा. चिकित्सा महाविद्यालय अम्बिकापुर) | पीयर सपोर्टर को कम से कम इंटरमीडिएट (12वीं (विज्ञान से) स्तर की शिक्षा के साथ बीमारी (हेपेटाइटिस बी या हेपेटाइटिस सी) से ग्रस्त या ठीक हो चुका व्यक्ति होना चाहिए। उसे स्थानीय भाषा का अच्छा ज्ञान और अंग्रेजी का कामकाजी ज्ञान भी होना चाहिए।<br>अथवा<br>न्यूनतम इंटरमीडिएट (12वीं (विज्ञान से) स्तर की शिक्षा के साथ बीमारी (हेपेटाइटिस बी या हेपेटाइटिस सी) से पीड़ित या ठीक हो चुके व्यक्ति के परिवार का सदस्य/जानने वाला व्यक्ति. | 01 पद | Rs. 10000.00 प्रति माह |

आवेदन पत्र के ऊपर. आवेदित पद का नाम अवश्य लिखे। अपूर्ण एवं समय सीमा के बाद प्राप्त आवेदन पत्र को स्वीकार नहीं किया जावेगा। चयन हेतु आवश्यकतानुसार लिखित/मौखिक परीक्षा आयोजित की जा सकती है। किसी भी स्तर से व्यक्तिगत संपर्क अथवा दबाव डलवाने पर आवेदक को आपात्र घोषित किया जावेगा। उपरोक्त विज्ञापन की समस्त जानकारी जिला सरगुजा की वेब साईट www.surguja.gov.in से एवं कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के सूचना पटल से भी प्राप्त की जा सकती है।

# कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,
# अम्बिकापुर, जिला – सरगुजा (छ0ग0)

पीयर सपोर्टर पदों पद आवेदन , पात्र –अपात्र सूची का प्रकाशन दावा आपत्ति एवं निराकरण तथा कौशन परीक्षा का आयोजन निम्नलिखित तालिका अनुसार तिथि एवं समय में किया जावेंगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | पीयर सपोर्टर | दिनांक 12.09.2023<br>1. प्रातः 10:30 बजे से 11:30 बजे तक आवेदन पंजीयन (आवेदन वितरण एवं जमा लिया जायेगा)<br>2. दोपहर 12.00 बजे पात्र अपात्र सूची का प्रकाशन<br>3. दोपहर 12.00 बजे से 12.30 बजे तक दावा आपत्ति एवं निराकरण<br>4. दोपहर 01.00 बजे दावा आपत्ति उपरांत पात्र अपात्र सूची का प्रकाशन<br>5. दोपहर 01.30 बजे लिखित परीक्षा हेतु पात्र अभ्यार्थियों का प्रकाशन |

नोट :– आवेदन पत्र केवल पदनाम के सम्मुख दर्शित तिथि में प्रातः 10.30 बजे से 11.30 तक ही जमा लिया जावेगा। निर्धारित तिथि एवं समय के उपरांत किसी भी प्रकार का आवेदन जमा नही लिया जावेगा।

**आयु सीमा :–**

1. 1 जनवरी 2023 को आयु न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 64 वर्ष होना चाहिए। आयु की गणना दिनांक 01 जनवरी 2023 से की जावेगी। इस आयु सीमा में सभी प्रकार की छूट सम्मिलित हैं।

**चयन प्रक्रियाः–**

Walk in Interview के समय निम्न अभिलेखों के साथ अभ्यर्थियों का उपस्थित होना अनिवार्य है।

1. 10वीं की अंकसूची
2. 12 वीं की अंकसूची
3. मूल निवास प्रमाण पत्र
4. हेपेटाईटिस बी एवं हेपेटाईटिस सी से पीड़ित या ठीक हो चुके व्यक्ति का सकारात्मक (पाजीटिव) रिर्पोट होना चाहिए अथवा हेपेटाईटिस बी एवं हेपेटाईटिस सी से पीड़ित या ठीक हो चुके व्यक्ति के परिवार का सदस्य/जानने वाला व्यक्ति का 10रू. के स्टाम्प पेपर में प्रमाणित होना चाहिए।
5. आधार कार्ड/पेन कार्ड/ड्राईविंग लाईसेंस/वोटर आई.डी

**अंतिम चयन सूची निम्नांकित आधार पर बनाई जावेगी।**

- शैक्षणिक योग्यता में प्राप्तांकों का प्रतिशत का – 80 प्रतिशत अंक।
- साक्षात्कार – 20 अंक

**भर्ती के संबंध में नियम व शर्तेः–**

1. विज्ञापन का प्रारूप एवं विज्ञापन से संबंधित दिशा निर्देश कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय जिला – सरगुजा के सूचना पटल एवं जिले के वेबसाईट www.surguja.gov.in में देखी जा सकती है।
2. मात्र आवेदन करने पर ही किसी का चयन सुनिश्चित नही होगा। अंतिम चयन सूची जारी करने के पूर्व मूल प्रमाण पत्रों की जांच की जाएगी। इसमें सही पाये जाने पर ही उनके चयन हेतु अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।
3. हेपेटाईटिस बी एवं हेपेटाईटिस सी से ग्रस्त या ठीक हो चुका व्यक्ति जिसे स्थानीय भाषा का अच्छा ज्ञान और अंग्रेजी का कामकाजी ज्ञान वालों को पहले प्राथमिकता प्रदान किया जावेगा।

# कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, अम्बिकापुर, जिला – सरगुजा (छ0ग0)

मानदेयः–

1. प्रतिमाह एक मुश्त मानदेय प्रावधानित आर.ओ.पी. अनुसार देय होगा, इसके अतिरिक्त किसी अन्य प्रकार का भत्ता/सुविधा देय नहीं होगा।
2. भर्ती अवधि 31 मार्च 2024 तक के लिये होगी। अवधि समाप्ति के पूर्व नियमित भर्ती किये जाने पर पद स्वतः निरस्त मान्य होगा।
3. चयनित अभ्यर्थी को कार्य में उपस्थित होने के पश्चात किसी भी समय नोटिस देकर नियुक्ति समाप्त की जा सकती है। इसी प्रकार उक्त अभ्यर्थी को त्याग पत्र देने के पूर्व एक माह पहले सूचना देना होगा अन्यथा उनके द्वारा एक माह का वेतन जमा किया जाएगा।
3. पीयर सपोर्टर पद अस्थानांतरणीय होगा तथा नियुक्ति आदेशानुसार पदस्थापना स्थल में उपस्थिति देना अनिवार्य होगा निर्धारित समय व पदस्थापना स्थल में अपनी उपस्थिति नही देने की स्थिति में चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति स्वतः निरस्त हो जावेगी।
4. विज्ञापन में विज्ञापित पद अनुरूप निर्धारित अर्हताधारी अभ्यर्थी के ही आवेदन स्वीकार किये जावेंगें।
5. आवेदित पर चयनित होने मात्र से नियुक्ति का अधिकार प्राप्त नहीं होगा। अंतिम रूप से नियुक्त रिक्त पदों की वास्तविक उपलब्धता तथा अन्य आवश्यक प्रक्रिया/मापदण्डों पर निर्भर करेगी।
6. उक्त पद के लिये प्रतिक्षा सूची भी जारी की जावेगी जिसकी वैधता जारी दिनांक से एक वर्ष तक अथवा नवीन भर्ती प्रक्रिया संपन्न होने तक वैद्य रहेगी। इस समयावधि में स्वीकृत नए पद/त्यागपत्र अथवा किसी भी कारण से रिक्त होने वाले पदों की को भी इसी प्रतिक्षा सूची से भरा जा सकेगा।
7. चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि, किसी उम्मीदवार द्वारा किसी भी प्रकार से किसी प्रकार का दबाव डलवाया जा रहा है या निष्पक्ष चयन प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है। तो उनका आवेदन पत्र अमान्य कर दिया जावेगा तथा इस संबंध में कोई भी दावा मान्य नहीं किया जावेगा।
8. भर्ती की प्रक्रिया के दौरान होने वाले किसी भी विवाद एवं समस्या पर अंतिम निर्णय लेने का सर्वाधिकार जिला स्तरीय चयन समिति को होगा जो सभी आवेदकों को मान्य होगा।
9. आवेदन के साथ नवीनतम चस्पा फोटो, शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य प्रमाण पत्रों को स्वयं द्वारा अभिप्रमाणित कराकर संलग्न करना अनिवार्य है। आवेदन के साथ नवीनतम फोटो, वाछिंत योग्यता प्रमाण पत्र निवास एवं अन्य प्रमाण पत्र संलग्न नहीं किये जाने की स्थिति में आवेदन निरस्त किये जाने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता को होगा।
10. विज्ञापित पदो के अनरूप पद संख्या घटाई या बढ़ाई जा सकती है ।

## अनुबंध की शर्ते

1. प्रतिमाह एकमुश्त वेतन की पात्रता होगी।
2. प्रतिमाह एकमुश्त मानदेय व अन्य राशि प्रावधानित आर.ओ.पी. अनुसार देय होगी, इसके अतिरिक्त किसी प्रकार का भत्ता/सुविधा देय नही होगा।
3. नियुक्ति 31 मार्च 2024 तक के लिए होगी। जो कि पूर्णतः अस्थायी होगी।
4. इस अवधि के दौरान दोनो पक्षों में से किसी एक पक्ष द्वारा एक माह की पूर्व सूचना या उसके एवज में एक माह का वेतन देकर नियुक्ति समाप्त की जा सकेगी।
5. सेवा समाप्ति पश्चात शासकीय सेवक के रूप में दी गई सेवा अवधि किसी प्रकार की पेंशन, उपादान या मृत्यु लाभ आदि की पात्रता नही होगी।
6. चयनित अभ्यर्थियों द्वारा कार्यभार ग्रहण करते समय/कार्यभार ग्रहण करने के एक माह के भीतर जिला मेडिकल बोर्ड स्वास्थ्य उपायुक्तता प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य है। प्रमाण पत्र अनफिट होने की स्थिति में नियुक्ति निरस्त की जा सकेगी।

7. कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात कर्मचारियों को पदस्थापना स्थल पर ही मुख्यालय बनाकर निवास करना होगा। किसी भी परिस्थिति में मुख्यालय के अतिरिक्त अन्यत्र स्थानों से आना–जाना मान्य नही होगा तथा ऐसा पाये जाने पर सेवा समाप्त की जा सकेगी।
8. प्रशिक्षण पूर्ण अभ्यार्थी का काउन्सलींग वरियता के आधार पर पदस्थापना स्थल निर्धारित किया जावेगा जो कि मान्य होगा।

**संलग्न प्रकाशन हेतुः– विज्ञापन प्रारूप**

**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी**
**अम्बिकापुर जिला–सरगुजा (छ0ग0)**

पृ.क्र. / 6740 / एन.एच.एम. / 2023 अम्बिकापुर, दिनांक 04 / 09 / 2023

**प्रतिलिपि :–**

1. मिशन संचालक ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन रायपुर की ओर सूचनार्थ।
2. कलेक्टर सरगुजा की ओर सादर सूचनार्थ।
3. जिला सूचना अधिकारी NIC अम्बिकापुर जिला सरगुजा की ओर सादर सूचनार्थ कर लेख है कि संलग्न सी.डी. में विज्ञापन को वेबसाइट www.surguja.gov.in में अपलोड करने का कष्ट करें।

**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी**
**अम्बिकापुर जिला–सरगुजा (छ0ग0)**

# आवेदन पत्र प्रारूप

**आवेदित पद का नाम :– ..........................................................................................**

**आवेदित वर्ग का नाम :– ..........................................................................................**

स्व हस्ताक्षरित पासपोर्ट साईज का फोटो

सेवामें,

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,
अम्बिकापुर, जिला सरगुजा, छत्तीसगढ़।

01 आवेदक का पूरा नाम (हिन्दी में) :- ..........................................................

(अंग्रेजी के कैपिटल अक्षर में) :- ..........................................................

02 पिता / पति का नाम :- ..........................................................

03 माता का नाम :- ..........................................................

04 (अ) जन्मतिथि (अंको में) :- ..........................................................

(शब्दो में) :- ..........................................................

(ब) आयु 01 जनवरी 2023 की स्थिति में :- वर्ष...............माह...................दिन.............

05 जाति (अ.जा. / अ.ज.जा. / अ.पि.व. / सामान्य) :- ..........................................................

(सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न करें)

06 छत्तीसगढ़ का स्थानीय निवासी है या नहीं :- ..........................................................

(सक्षम अधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न करें)

07 निवासी जिले का नाम :- ..........................................................

08 क्या आप निःशक्तता श्रेणी के है – हॉ / नहीं, यदि :- ..........................................................

हॉ तो निःशक्तता का प्रति   ात एवं प्रकार

(सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न करें)

09 भूतपूर्व सैनिक हॉ / नहीं :- ..........................................................

10 स्थायी निवास का पूर्ण पता :- ..........................................................

..........................................................

..........................................................

11 वर्तमान पत्र व्यवहार का पूर्ण पता :- ..........................................................

..........................................................

..........................................................

मो.नं. ..........................................................

ई–मेल आई.डी. ..........................................................

12 रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन :- ..........................................................

कमांक / दिनांक / स्थान :- ..........................................................

13 शैक्षणिक योग्यता :-

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा | उत्तीर्ण वर्ष | संस्था का नाम का नाम | बोर्ड / वि वविद्यालय का नाम | अर्जित प्राप्तांक / पूर्णांक | अर्जित प्रतिशत | प्राप्त % का 80% |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |

14 क्या अभ्यार्थी के विरूध दाण्डिक प्रकरण दर्ज है :— हॉ / नही

15 यदि हॉ तो अधिनियम एवं धारा सहित प्रकरण क्र.
एवं निर्णय की जानकारी का उल्लेख करें। :— ..........................................................................................

## घोषणा–पत्र

मैं एतद् द्वारा घोषण करता / करती हूँ कि हेपेटाईटिस बी एवं हेपेटाईटिस सी से पीड़ित या ठीक हो चुका हूँ अथवा हेपेटाईटिस बी एवं हेपेटाईटिस सी से पीड़ित या ठीक हो चुके व्यक्ति के परिवार का सदस्य / जानने वाला व्यक्ति हूँ तथा मैने विज्ञापित पद की पात्रता संबंधी शर्तो को पढ़ लिया है, जहॉ तक मेरी जानकारी और विश्वास में है कि इस आवेदन पत्र की सभी प्रविष्टियां पूर्ण और सत्य है, त्रुटीपूर्ण एवं छिपाकर तथा अपूर्ण और असत्य जानकारी प्रस्तुत करने पर नियमानुसार मैं स्वयं जिम्मेदार रहूँगा / रहूँगी।

गलत जानकारी प्रस्तुत करने पर आवेदन पत्र निरस्त किया जावेगा तथा चयन / नियुक्ति बिना नोटिस के निरस्त / समाप्त की जावेगी, मूल दस्तावेज / प्रमाण पत्र मांगे जाने पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

स्थान —

आवेदनकर्ता का हस्ताक्षर

दिनांक —

नाम :— ..........................................
पता :— ..........................................
..........................................................
..........................................................
जिला — ..........................................
छत्तीसगढ़, पिन. नं. ....................
मो. नं. ..........................................